Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 103 ▫ रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## करेंगुट्टा के पहाड़ से मिले 8 पुरुष और 11 महिला नक्सलियों के शव, कई बड़े नाम शामिल



**जगदलपुर,** 8 मई (हाईवे चैनल)। बीजापुर के करेंगुट्टा में सुरक्षाबलों के बड़े ऑपरेशन में अब तक 19 शव बरामद हुए हैं. इनमें 8 पुरुष और 11 महिला शामिल हैं. ढेर हुए नक्सलियों में कई बड़े चेहरे शामिल हैं.

सुरक्षाबलों ने जिन 19 नक्सलियों का शव बरामद किया है, उनमें से अब तक दक्षिण ज़ोनल कमेटी मेंबर और गालिकोंडा एरिया कमेटी प्रभारी काकुरी पंडन्ना जगन, डिवीजनल कमेटी मेंबर और कालिमेला एरिया कमेटी प्रभारी वागा पोडियामी रमेश के रूप में पहचान हुई है. बाकी शवों की शिनाख्त प्रक्रिया चल रही है. बता दें कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं. इस ऑपरेशन की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली से सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह नजर बनाए हुए थे. इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एडीजी नक्सल ऑप्श विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल व बस्तर आईजी पी. सुंदरराज मॉनिटरिंग कर रहे हैं. नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं.

## बारूदी सुरंग में विस्फोट से 3 पुलिसकर्मी शहीद, कई घायल



**बीजापुर,** 8 मई (हाईवे चैनल)। तेलंगाना के मुलुगु जिले में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट से तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए और कई घायल हो गए. यह घटना वेंकटपुरम के निकट वन क्षेत्र में घटी. पुलिस की तलाशी के दौरान माओवादियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट किया. तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कगार की पृष्ठभूमि में बारूदी सुरंग विस्फोट से हलचल मच गई है.

बता दें कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को छत्तीसगढ़ के अलावा पड़ोसी प्रदेश तेलंगाना और आंध्रप्रदेश की ओर से सुरक्षाबलों ने घेर रखा है. इस ऑपरेशन की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली से सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह नजर बनाए हुए थे. इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एडीजी नक्सल ऑप्श विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल व बस्तर आईजी पी. सुंदरराज मॉनिटरिंग कर रहे हैं. नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं.

## हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त; हादसे में पायलट समेत 6 यात्रियों की मौत





**नई दिल्ली,** 8 मई (न्यूज चैनल)। उत्तरकाशी जिले में आज सुबह एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत छह लोगों के मौत हो गई है। एक घायल को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

गुरुवार सुबह करीब पौने नौ बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, फायर, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हेलिकॉप्टर एयरोट्रांस कंपनी का था, जिसने आज सुबह सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे, जिनमें छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक यात्री घायल हैं। सवार चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के बताए जा रहे हैं। मृतकों की सूची - 1. काला सोनी (एफ) 61, मुंबई, 2. विजया रेड्डी (एफ) 57, मुंबई, 3. रुचि अग्रवाल (एफ) 56, मुंबई, 4. राधा अग्रवाल (एफ) 79, यूपी, 5. वेदवती कुमारी 48, एपी(एफ) आंध्र प्रदेश और 6. रॉबिन सिंह (एम) 60, गुजरात - पायलट। घायल में मस्तू भास्कर (एम) 51, एपी शामिल हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ईरानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा, जयशंकर से आज मिलेंगे अराघची

**नई दिल्ली,** 8 मई (न्यूज चैनल)। भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अपनी पहली भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वह आज अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों भारत और ईरान के बीच 20वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक के बाद ईरानी विदेश मंत्री अराघची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और ईरान मैत्री संधि पर हस्ताक्षर की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस द्विपक्षीय बैठक में दोनों देश आपसी संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे। साथ ही नई संभावनाओं को तलाशने और मौजूदा संबंधों को और मजबूत करने पर जोर देंगे। संयुक्त आयोग की बैठक हर साल होनी चाहिए, लेकिन कोविड-19 महामारी और दोनों देशों की घरेलू व्यवस्तताओं के कारण कुछ समय के लिए रुक गई। भारत में ईरान के दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, %इस बैठक में दोनों देशों के बीच हुए आर्थिक समझौतों की नवीनतम स्थिति की समीक्षा की जाएगी और उसका पालन किया जाएगा।

### कुएं में गिरा तेंदुआ, भोजन-पानी की तलाश में पहुंचा था गांव

**गरियाबंद,** 8 मई (हाईवे चैनल)। जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम पंडरीपानी डिही में बीती रात एक तेंदुआ खुले कुएं में गिर गया। यह तेंदुआ गांव के एक बैगा परिवार के घर मुर्गियों का शिकार करने आया था। मुर्गी का शिकार करने के बाद जब वह वापस लौट रहा था, तब अंधेरे के कारण वह खुले कुएं में गिर गया। यह घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। तेंदुआ फिलहाल कुएं की एक संकरी दीवार पर कोने से चिपककर बैठा हुआ है। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि वह डरा-सहमा हुआ है और वहां से बाहर निकलने की कोशिश नहीं कर पा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि वे कुएं के पास ज्यादा भीड़ नहीं लगने दे रहे हैं, ताकि तेंदुआ और अधिक तनाव में न आए।

**रेस्क्यू टीम का इंतजार**




## सेना की जवाबी कार्रवाई में दर्जनों पाकिस्तानी चौकियां नष्ट

**नई दिल्ली**, 8 मई (न्यूज चैनल)। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का ऐसा बदला लिया, जिससे पाकिस्तान दहल गया। पाकिस्तान की जमीन से भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले आतंक के आकाओं के ठिकानों को तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी शिविरों पर मंगलवार आधी रात के बाद जोरदार हमला बोला। एक साथ नौ आतंकी ठिकानों को भारतीय सेना ने मिसाइल से हमला कर नेस्तनाबूद कर दिया। भारत ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी अड्डों को तबाह कर दिया है। इसी के साथ भारत ने यह साफ कर दिया कि आतंकी के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। पाकिस्तान को उसकी हर कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद शहर के आसपास पहाड़ों के नजदीक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) क्षेत्र में मंगलवार आधी रात कई जोरदार धमाके सुने गए। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाकों के बाद पूरे शहर की बिजली गुल हो गई।

### भारत की एयरस्ट्राइक से पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट, आईएनएस चीफ और आईएसआई ने अजीत डोभाल को किया फोन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जब देश के लोग बदले की मांग कर रहे थे, तब शायद किसी को अंदाज़ा नहीं था कि भारत सरकार इतनी तेज़ और निर्णायक कार्रवाई करेगी। लेकिन मंगलवार रात भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल एयरस्ट्राइक कर यह साबित कर दिया कि भारत की आतंकवाद को लेकर नीति अब सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस एक्शन में दिखती है।


भारतीय वायुसेना द्वारा की गई इस सटीक और सीमित कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में हलचल मच गई है। जहां एक ओर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी एनएसए और आईएसआई प्रमुख असीम मलिक ने भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से संपर्क साधा है। इस बात की पुष्टि पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने एक इंटरव्यू में की है। पाकिस्तान की इस पहल को राजनीतिक गलियारों में गिड़गिड़ाहट के रूप में देखा जा रहा है। भारत की स्पष्ट नीति है- आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते, और यही कारण है कि वर्षों से दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक संवाद नहीं हुआ है।

### सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी ने दिया खास संदेश



भारत के पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद वीरवार को राजनाथ सिंह की अगुवाई में हो रही सर्वदलीय बैठक खत्म हो चुकी है। इस बैठक में सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा की गई और कई दलों के राजनीतिक नेता इसका हिस्सा बने। पीएम मोदी ने इस बैठक में देश के एक खास संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि हम सब मिलजुल कर सामना करेंगे। इसी के साथ उन्होंने भारतीयों को एकजुट रहने की बात भी कही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा- हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खरगे जी ने कहा, कि उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते...सबने सपोर्ट किया है। इधर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है, मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाना चाहिए, हमें एफएटीई में पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट में डाले जाने का भी प्रयास करना चाहिए।

## मनीष कुमार रजिस्ट्रार जनरल, तो मंसूर अहमद रजिस्ट्रार नियुक्त



बिलासपुर, 8 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक साथ चार अहम पदों पर नियुक्ति की गई है. इसमें रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार और अतिरिक्त रजिस्ट्रार के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी में निदेशक की नियुक्ति शामिल है.

छत्तीसगढ़ उच्चा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आदेश की गई नियुक्ति में रजिस्ट्रार मनीष कुमार ठाकुर को रजिस्ट्रार जनरल, जशपुर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है. इनके अलावा अतिरिक्त रजिस्ट्रार निधि शर्मा तिवारी को छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर का निदेशक महासमुंद द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडे को अतिरिक्त रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है.

## महाराष्ट्र सरकार में अब पेट्रोल-डीजल सिर्फ कैश में मिलेगा



**नई दिल्ली,** 8 मई (न्यूज चैनल)। देश भर में जहां डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं एक बड़ा फैसला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है, जिसने रोजाना पेट्रोल पंप पर जाने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मोबाइल स्कैन कर पेट्रोल भरवाने वाले वाहन चालकों के लिए अब मुश्किल खड़ी होने वाली है, क्योंकि नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट बैन कर दिया गया है। जी हां, अगर आप नागपुर में रहते हैं और पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए ऑनलाइन पेमेंट का इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपको परेशान कर सकती है।

विदर्भ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि 10 मई 2025 से नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि अब पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए आपको कैश लेकर जाना जरूरी होगा, वरना आपको ईंधन नहीं मिलेगा। फिलहाल लोग पेटीएम, गूगल पे, फोनपे, कार्ड आदि के जरिए भुगतान करते हैं, लेकिन यह सुविधा कुछ ही दिनों में बंद हो जाएगी। पेट्रोल पंप संचालकों ने पहले से ही ग्राहकों को सतर्क करना शुरू कर दिया है। यह निर्णय किसी तकनीकी खराबी या सरकारी आदेश के तहत नहीं लिया गया, बल्कि पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ समय में लगातार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग नकली या फर्जी डिजिटल ट्रांजेक्शन दिखाकर पेट्रोल भरवा लेते हैं। इसके बाद वे राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर झूठी शिकायत दर्ज करवा देते हैं कि उनका पैसा काट लिया गया, जिससे पेट्रोल पंप मालिकों के बैंक खाते सीज (फ्रीज़) हो जाते हैं। इसके चलते पेट्रोल पंप के संचालन पर बड़ा असर पड़ा है। बिजनेस में नुकसान झेल रहे डीलर अब किसी भी तरह की डिजिटल पेमेंट स्वीकार नहीं करेंगे और केवल नकद भुगतान को ही मंजूरी देंगे।

## जनपद पंचायत में फर्जी नियुक्ति : कलेक्टर ने तीन कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**बलरामपुर**, 8 मई (हाईवे चैनल)। फर्जी नियुक्ति के आधार पर नौकरी कर रहे 3 कर्मचारियों को कलेक्टर ने बर्खास्त कर दिया है. यह मामला जनपद पंचायत कार्यालय वाड्रफनगर का है, जहां नियम विरुद्ध कर्मचारियों की भर्ती की गई थी. आरटीआई कार्यकर्ता ने मामले की शिकायत बलरामपुर कलेक्टर से की थी। बता दें कि डाटा एंट्री आपरेटर इसहाक खान, मनोज गुप्ता और भृत्य अजय देवांगन की नियम विरुद्ध भर्ती हुई थी. तीनों को 10 सालों से वेतन का भुगतान भी किया जा रहा था. ऋञ्झढ्ढ कार्यकर्ता ने कलेक्टर से मामले की शिकायत की थी, जिसके बाद बलरामपुर कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लिया और तीनों कर्मचारियों को पद से बर्खास्त किया।

## एमपी से सटे गांव माथमौर में उतरा सीएम साय का हेलीकॉप्टर



**मनेंद्रगढ़,** 8 मई (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर आज मनेंद्रगढ़ जिले के सुदूर गांव माथमौर में उतरा. हेलीकॉप्टर की आवाज सुन ग्रामीण दौड़कर हैलीपेड पहुंचे और हेलीकॉप्टर से सीएम के उतरने पर जिंदाबाद के नारों से उनका स्वागत किया. बता दें कि आदिवासी बाहुल्य यह गांव मध्यप्रदेश की सीमा से लगा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे. स्वागत के लिए कुछ न मिला तो तुरंत पेड़ों से फूल तोड़कर गुलदस्ता बनाया. इस दौरान सीएम साय से मिलकर ग्रामीण भावुक हो गए.

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात, सुशासन तिहार में आई आवास की मांगें होगी पूरी

इधर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सूरजपुर के लिए सिविल लाइन हेलीपैड से रवाना हुए. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण का आज चौथा दिन है. जनचौपाल लगाकर जनता से संवाद कर समस्या का समाधान किया जा रहा है. पीएम आवास की मांग सबसे ज्यादा आ रही है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात देने वाले हैं, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी. सीएम साय ने कहा, सुशासन तिहार में कई तरह की मांगें आ रही है. प्रधानमंत्री आवास, गैस कनेक्शन समेत अन्य मांगें शामिल हैं. उन्होंने कहा, 13 मई को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ दौरा में आ रहे हैं. वे सूरजपुर के अंबिकापुर में बड़ी आमसभा करेंगे.




चूहा- सुनती हो, भारत ने तबाह किए आतंकियों के 9 ठिकाने।
चुहिया- हां जी, एक चुटकी सिंदूर की कीमत समझ आया पाकिस्तान को..!